>

Title : Need to shift Veerawada Railway Station to Gambhoi in Sabarkantha Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): मैं केन्द्र सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र की ओर दिलाना चाहता हूँ। मेरे निर्वाचन क्षेत्र साबरकांठा , गुजरात में अहमदाबाद-उदयपुर के रास्ते में हिम्मत नगर मीटर गेज रेलवे लाइन पर वीरावाडा नाम से एक रेलवे स्टेशन है। वास्तव में वीरावाड़ा स्टेशन केवल वाटडा गांव के लोगों के लिए ही है। यह स्टेशन इस क्षेत्र के आस-पास के गांवों के लोगों के लिए बिल्कुल उपयोगी नहीं है और सुविधाजनक भी नहीं है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वीरावाड़ा स्टेशन को गांभोई गांव के निकट शिफ्ट किया जाए और इसका नाम भी वीरावाड़ा के बजाय गांभोई स्टेशन रखा जाए, क्योंकि गांभोई गांव के आस-पास साबरकांठा जिले के 50 अन्य गांव है। गांभोई इस क्षेत्र के वाणिज्यिक केन्द्र के रूप में भी प्रसिद्ध है। यह हिम्मत नगर के बाद स्थित है। यह रेलवे लाइन गांभोई से होकर निकलती है। अतः वीराबाड़ा स्टेशन को गांभोई में शिफ्ट करना रेल प्रशासन के लिए अधिक सुविधाजनक होगा।